# CBSE Class 6 Social Science Important Questions Geography Chapter 5 पृथ्वी के प्रमुख परिमंडल

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
पृथ्वी पर जीवन क्यों संभव है?
उत्तर:
पृथ्वी पर जीवन इसलिए संभव है, क्योंकि यहां पर जीवन के लिए आवश्यक सभी तत्व - भूमि, जल तथा हवा मौजूद हैं।

प्रश्न 2.
जलमंडल में जल की कौनसी अवस्थाएँ शामिल हैं?
उत्तर:
जलमंडल में जल की सभी अवस्थाएँ, जैसे - बर्फ, जल एवं जलवाष्प।

प्रश्न 3.
भूमंडल किसे कहते हैं?
उत्तर:
पृथ्वी का ठोस भाग जिस पर हम रहते हैं उसे भूमंडल कहा जाता है।

प्रश्न 4.
पृथ्वी की सतह को कितने मुख्य भागों में बाँटा जा सकता है?
उत्तर:
पृथ्वी की सतह को दो मुख्य भागों में बाँटा जा सकता है:

- महाद्वीप
- महासागरीष बेसिन।

प्रश्न 5.
विश्व का सबसे ऊंचा शिखर माउंट एवरेस्ट समुद्र तल से कितना ऊँचा है?
उत्तर:
विश्व का सबसे ऊंचा शिखर माउंट एवरेस्ट समुद्र तल से 8848 मीटर ऊंचा है।

प्रश्न 6.
विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप कौनसा है?
उत्तर:
विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप अफ्रीका है।

प्रश्न 7.
विश्व की सबसे लंबी नदी कौनसी है?
उत्तर:
नील नदी।

प्रश्न 8.
अंटार्कटिका स्थित भारत के शोध केन्द्रों के नाम बताइये।
उत्तर:

- मैशी
- दक्षिण गंगोत्री।

प्रश्न 9.
पृथ्वी के प्रमुख महासागरों के नाम बताइये।
उत्तर:

1. प्रशांत महासागर
2. अटलांटिक महासागर
3. हिंद महासागर
4. दक्षिणी महासागर
5. आर्कटिक महासागर।

प्रश्न 10.
विश्व का कौनसा महासागर अंग्रेजी के S अक्षर के आकार का है?
उत्तर:
अटलांटिक महासागर अंग्रेजी के S अक्षर के आकार का है।

प्रश्न 11.
वायुमंडल किसे कहते हैं?
उत्तर:
हमारी पृथ्वी चारों ओर से गैस की एक परत से घिरी हुई है, जिसे वायुमंडल कहा जाता है।

प्रश्न 12.
पहाड़ों पर पर्वतारोहियों को संस लेने में कठिनाई क्यों होती है?
उत्तर:
पहावें पर हवा का घनत्त्व कम होता है, इसलिए पर्वतारोहियों को वहां सांस लेने में कठिनाई आती है।

प्रश्न 13.
पवन किसे कहते हैं?
उत्तर:
गतिशील वायु को पवन कहते हैं।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
जीवमंडल के जीवों के बारे में आप क्या जानते है?
उत्तर:
जीवमंडल पर जीवों की बहुत - सी प्रजातियां हैं जो कि सूक्ष्म जीवों तथा बैक्टीरिया से लेकर अड़े स्तनधारियों के रूप में पाई जाती हैं।

प्रश्न 15.
जीवमंडल के प्राणियों को कितने मुख्य भागों में बाँय जा सकता है?
उत्तर:
जीवमंडल के प्राणियों को दो मुख्य भागों:

- जंतु जगत तथा
- पादप जगत में बांटा जा सकता है।

प्रश्न 16.
भूमंडलीय तापन किसे कहा जाता है?
उत्तर:
वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि के कारण पृथ्वी के तापमान में वृद्धि हो रही है। इसे भूमंडलीय तापन कहा जाता है।

प्रश्न 17.
स्थलसंधि किसे कहते हैं?
उत्तर:
स्थलसंधि, स्थल का एक संकरा भाग होता है, जो दो बड़े स्थलीय भागों को एक - दूसरे से जोड़ता है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
एशिया महाद्वीप की कोई पाँच विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:
एशिया:

- एशिया विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है।
- एशिया पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल के एक - तिहाई भाग में फैला है।
- यह पूर्वी गोलार्थ में स्थित है।
- कर्क रेखा एशिया महाद्वीप से होकर गुजरती है।
- एशिया के पश्चिम में स्थित यूराल पर्वत इसे यूरोप से अलग करता है।

प्रश्न 2.
अफ्रीका महाद्वीप की कोई चार विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:
अफ्रीका:

1. अफ्रीका महाद्वीप एशिया के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
2. अफ्रीका ही एक ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर कर्क, विषुवत् तथा मकर, तीनों रेखाएँ गुजरती हैं।
3. विश्व का सबसे बड़ा गर्म रेगिस्तान 'सहारा' आफ़्रीका में ही स्थित है।
4. विश्व की सबसे लंबी नदी 'नील' अफ्रीका से होकर गुजरती है।

प्रश्न 3.
माउंट एवरेस्ट पर सर्वप्रथम चढ़ने वाले विश्व तथा भारत के पुरुष एवं महिला के बारे में बताइये।
उत्तर:

- न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी तथा भारत के तेनजिंग नोर्गे शेरपा 29 मई, 1953 को पृथ्वी के सबसे ऊँचे शिखर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति थे।
- जापान की जुको ताबोई विश्व की पहली महिला थी जिसने 16 मई, 1975 को एवरेस्ट पर कदम रखा तथा बचेंद्री पाल भारत की पहली महिला थी जो 23 मई, 1984 को एवरेस्ट पर पहुंची।

प्रश्न 4.
जलमंडल किसे कहते हैं? जलमंडल का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।
उत्तर:
जलमंडल: पृथ्वी के बहुत बड़े भाग पर जल पाया जाता है जिसे जलमंडल कहा जाता है। जलमंडल में जल की सभी अवस्थाएँ; जैसे-बर्फ, जल एवं जलवाष्प सम्मिलित हैं। पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल तथा 29 प्रतिशत भाग स्थल है। इसमें महासागर एवं नदियाँ, झीलें, हिमनदियाँ, भूमिगत जल तथा वायुमंडल की जलवाष्प सभी सम्मिलित हैं। महासागर जलमंडल के मुख्य भाग हैं।

प्रश्न 5.
नीले ग्रह में रहने के बावजूद हम पानी की कमी क्यों महसूस करते हैं?
उत्तर:
पृथ्वी को नीला ग्रह कहा जाता है। इसका 71 प्रतिशत भाग जल है। फिर भी हम जल की कमी महसूस करते हैं। इसके निम्न कारण हैं:

- पृथ्वी पर पाए जाने वाले जल का 97 प्रतिशत से अधिक भाग महासागरों में पाया जाता है जो कि अत्यधिक खारा है। यह मानव के उपयोग में नहीं आ सकता है।
- शेष जल का बहुत बड़ा भाग बर्फ की परतों एवं हिमनदियों तथा भूमिगत जल के रूप में पाया जाता है।
- जल का बहुत कम भाग अलवण जल के रूप में पाया जाता है, जो मनुष्य के इस्तेमाल में आता है।

प्रश्न 6.
अटलांटिक महासागर की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
उत्तर:

1. अटलांटिक महासागर विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महासागर है।
2. यह अंग्रेजी भाषा के S अक्षर के आकार का है।
3. अटलांटिक महासागर की तट रेखा बहुत अधिक दंतुरित है।
4. यह अनियमित एवं दंतुरित तट रेखा प्राकृतिक पोताश्रयों तथा पत्तनों के लिए आदर्श स्थिति है।
5. व्यापार की दृष्टि से यह सबसे व्यस्त महासागर है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 7.
वायुमंडल के संघटन को समझाइये।
उत्तर:
वायुमंडल मुख्यत: ऑक्सीजन एवं नाट्रोजन का बना है जो साफ तथा शुष्क हवा का 99 प्रतिशत भाग है। आयतन के अनुसार वायुमंडल में नाइट्रोजन 78 प्रतिशत, ऑक्सीजन 21 प्रतिशत तथा दूसरी गैसों; जैसे- कार्बन डाइऑक्साइड, ऑर्गन इत्यादि की मात्रा 1 प्रतिशत है।

प्रश्न 8.
वायुमण्डल की प्रमुख गैसों ऑक्सीजन, नाइट्रोजन तथा कार्बन डाइऑक्साइड का कार्य बताइये।
उत्तर:

- सभी प्राणियों को साँस लेने के लिए ऑक्सीजन आवश्यक है।
- नाइट्रोजन प्राणियों की वृद्धि के लिए आवश्यक है।
- कार्बन डाइऑक्साइड यद्यपि बहुत कम मात्रा में है, लेकिन यह पृथ्वी के द्वारा छोड़ी गई ऊष्मा को अवशोषित करती है, जिससे पृथ्वी गर्म रहती है। यह पौधों की वृद्धि के लिए भी आवश्यक है।